SAFER INTERNET INDIA

उपयोगकर्ता सुरक्षा पुस्तिका

उपयोगकर्ता सुरक्षा

फरवरी 2025

स्वीकृतियाँ

अतीश नंदी, बर्जेस मालू, ललनतिका अरविन्द, समृद्धि कुमार, सिवा भार्गवी नोरी, सृष्टि जोशी

लेखक की ओर से गठबंधन के सदस्यों को समर्थन एवं इनपुट प्रदान करने के लिए धन्यवाद।

अंदर क्या है

सामान्य स्कैम और फ्रॉड

हम सतर्क रहने और जागरूक रहने में मदद करने के लिए स्कैम करने वालों की विभिन्न रणनीतियों का विश्लेषण करते हैं।

सुरक्षित सर्फिंग के सुझाव

आज के इंटरनेट के दौर में सुरक्षित रहने के लिए क्या करें और क्या न करें

विश्वास और सुरक्षा के मूलभूत स्तंभ

हम ऑनलाइन भरोसा और सुरक्षा कायम करने के लिए चार मूलभूत स्तंभों पर चर्चा करते हैं।

उद्योग के सर्वोत्तम अभ्यास

हम ऐसी अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ सर्वोत्तम अभ्यास पर चर्चा करते हैं, जो इंटरनेट को हम सभी के लिए थोड़ा सुरक्षित बनाती हैं।

विषय-सूची

प्रिय पाठक

सेफ़र इंटरनेट इंडिया (SII) भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में फैली समान विचारधारा वाली कंपनियों का एक गठबंधन है।

SII ऑनलाइन फ़्रॉड, साइबर खतरों और डेटा उल्लंघनों के बढ़ते ख़तरों से निपटने के लिए एक तात्कालिक सामाजिक आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में काम करता है। हम ऑनलाइन जाने वाले उपयोगकर्ताओं के भरोसे और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहु-विषयक आवाज़ को एक ही मंच पर लाते हैं।

हमने यह पुस्तिका इसलिए लिखी है ताकि आप जैसे इंटरनेट उपयोगकर्ता अपने आप को ऑनलाइन फ़्रॉड और स्कैम से सुरक्षित कर सकें।

यह पुस्तिका इंटरनेट पर होने वाले सामान्य फ़्रॉड और स्कैम का विवरण प्रदान करती है। साथ ही, यह बताती है कि इंटरनेट पर उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रूप से काम करने एवं सुरक्षित तथा विश्वसनीय तरीके से डिजिटल व्यवसायों के साथ जुड़ने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। यह ऑनलाइन स्पेस को सुरक्षित बनाने के लिए व्यवसायों और नीति निर्माताओं द्वारा उठाए गए कदमों को भी मान्यता देती है।

पढ़ने के लिए धन्यवाद

सेफ़र इंटरनेट इंडिया

परिचय

डिजिटल क्षेत्र हमारे जीवन के हर पहलू को छूते हैं। भारत के 900 मिलियन+ इंटरनेट उपयोगकर्ता नियमित रूप से काम करने, सीखने और घरेलू आवश्यकताओं से लेकर लक्जरी सामान, मनोरंजन के लिए सब्सक्रिप्शन और यहां तक कि वित्तीय सेवाएँ भी खरीदने के लिए ऑनलाइन जाते हैं।

हालांकि, उपयोगकर्ताओं को इसे लेकर सावधान रहना चाहिए कि वे किसके साथ बातचीत करते हैं, और वे कहाँ से ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। ऑनलाइन दुनिया में आपको ऐसे अनगिनत प्रस्ताव और डील्स मिलेंगी, जो सुनने में बहुत अच्छी लगती हैं। लेकिन क्या आपको पता है, भारतीयों ने 2024 के पहले नौ महीनों में ऑनलाइन स्कैम में लगभग ₹ 11,333 करोड़ रुपये गँवाए हैं!

दुर्भाग्य से, ऑनलाइन स्कैम्स बढ़ते जा रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ़ कई भारतीयों में बुनियादी डिजिटल कौशल की कमी है। फ़्रॉड और स्कैमर अत्यधिक प्रतिकूल, अवसरवादी और अनुकूली हैं। भारत सरकार (GOI) की ओर से 2022-23 में हुए सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत के लगभग आधे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को यह नहीं पता होता कि ईमेल कैसे भेजना है, जबकि केवल 38 प्रतिशत लोग ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन कर सकते हैं। डिजिटल कौशल की बात करें तो ग्रामीण भारत शहरों से काफ़ी पीछे है। इसके अलावा, लैंगिक रूप से भी डिजीटल कौशल को लेकर काफ़ी असमानताए हैं। कुल मिला कर, स्कैम संपूर्ण समाज के लिए एक चुनौती हैं। कई भारतीयों पर ठगे जाने का ख़तरा बना रहता है और उन्हें खुद को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए कौशल और जागरूकता के साथ सशक्त बनने की ज़रूरत है।

भारत सरकार भारतीय इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन स्कैम के खतरे से बचाने की आवश्यकता को पहचानती है। गृह मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक साथ भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)) और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (CERT-in) जैसे विशेष निकायों के साथ मिलकर फ़्रॉड और स्कैम की जांच और रोकथाम तथा संबंधित ऑनलाइन सुरक्षा मुद्दों को हल करने के लिए चौबीसों घंटे काम करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) जैसे नियामक भी भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं, चाहे वह मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल किए जाने वाले मूल अकाउंट का पता लगाने के लिए AI (आर्टफिशल इन्टेलिजन्स) प्रणाली हो या स्पैम/अप्रिय कॉलों को सीमित करने के लिए टेलीमार्केटर्स का वितरित खाता प्रौद्योगिकी (DLT) आधारित पंजीकरण हो, इसके अलावा वे अपने डोमेन में नए नियम भी पेश कर रहे हैं।

लेकिन ऑनलाइन सुरक्षा की समस्या को बड़े स्तर पर सुलझाने के लिए हम सभी को एक साथ आना होगा। उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए सभी को एक साथ मिल कर काम करना होगा। व्यवसाय भारत की समृद्ध डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाते हैं और SII गठबंधन उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और डिजिटल सेवाओं में उनका विश्वास बनाने की अपनी ज़िम्मेदारी को पहचानता है।

मूल बातें

ऑनलाइन सुरक्षित रहना पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है। इस खंड में हम आपको कुछ बुनियादी शब्दों और अवधारणाओं से परिचित कराएँगे, ताकि आप डिजिटल स्पेस में बेहतर तरीके से नेविगेट कर सकें।

व्यक्तिगत जानकारी

व्यक्तिगत जानकारी वह विवरण है, जो यह बताता है कि आप कौन हैं। इसमें आपका नाम, पता, फोन नंबर, ईमेल, जन्म तिथि या बैंक विवरण जैसी चीजें शामिल हैं। स्कैमर अक्सर इसे चुराने की कोशिश करते हैं ताकि वे आप बन कर आपके खातों तक पहुंच प्राप्त कर सकें।

संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी

संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी के लिए अत्यधिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है, क्योंकि यदि यह गलत हाथों में जाती है तो इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसमें आपके पासवर्ड, बैंक खाता संख्या, क्रेडिट कार्ड विवरण, मेडिकल रिकॉर्ड, या सरकारी आईडी नंबर (जैसे आधार या पैन) जैसी चीजें शामिल हैं। अपनी पहचान और वित्त को सुरक्षित रखने के लिए इस जानकारी को सुरक्षित रखना बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह की जानकारी साझा करने को लेकर बहुत सावधान रहें।

फ़्रॉड

ऑनलाइन फ़्रॉड तब होता है जब कोई व्यक्ति इंटरनेट के माध्यम से अवैध रूप से पैसे या संवेदनशील जानकारी चुराने के लिए झूठ या धोखे का उपयोग करता है। इसमें अकाउंट्स को हैक करना, भुगतान विवरण चुराना या लोगों को ठगने के लिए नकली वेबसाइट बनाना जैसी चीजें शामिल हैं।

स्कैम

ऑनलाइन स्कैम तब होता है जब कोई व्यक्ति आपके पैसे, व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील डेटा चुराने के इरादे से इंटरनेट पर आपके साथ ठगी करता है। स्कैम करने वाले अक्सर भरोसेमंद होने का दिखावा करते हैं, नकली सौदों की पेशकश करते हैं, ख़ुद को अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत करते हैं या आपके साथ फ़्रॉड करने के लिए वास्तविक दिखने वाले संदेश भेजते हैं।

ऑनलाइन स्कैम एक प्रकार का ऑनलाइन फ्रॉड है, लेकिन सभी फ्रॉड स्कैम नहीं होते। स्कैम में अक्सर लोगों को स्वेच्छा से पैसा या जानकारी देने के लिए राज़ी किया जाता है (जैसे, नकली पुरस्कार या नौकरी प्रस्ताव)। दूसरी ओर, ऑनलाइन फ्रॉड में पहचान की चोरी या हैकिंग जैसी क्रियाएँ शामिल हो सकती हैं, जिसमें पीड़ित को एहसास भी नहीं होता कि उनका नुकसान हो चुका है।

संक्षेप में, स्कैम करने वाले लोगों के साथ ठगी करते हैं जबकि फ्रॉड करने वाले व्यापक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे जानकारी चोरी करना या जानकारी का दुरुपयोग करना। इसलिए, उपयोगकर्ताओं को न केवल उस समय सतर्क रहना चाहिए जब वे लोगों के साथ ऑनलाइन बातचीत करते हैं, बल्कि तब भी सतर्क रहना चाहिए जब वे वेबसाइटों पर जाते हैं या ऐप्स डाउनलोड करते हैं।

हैक

हैकिंग उसे कहा जाता है, जब कोई व्यक्ति जानकारी चुराने के लिए अनुमति के बिना कंप्यूटर, खाते या नेटवर्क में घुसता है, नुकसान का कारण बनता है या उसे अपने नियंत्रण में ले लेता है। हैकर अक्सर कमजोरियाँ खोजने और ऐक्सेस प्राप्त करने के लिए विशेष उपकरण या तकनीकों का उपयोग करते हैं।

फिशिंग

फिशिंग वो तकनीक है जिसका उपयोग स्कैमर आपकी व्यक्तिगत जानकारी को चुराने के लिए करते हैं, जैसे पासवर्ड, बैंक विवरण या क्रेडिट कार्ड नंबर। वे आमतौर पर ऐसे किसी व्यक्ति का रूप लेते हैं जिस पर आप भरोसा करते हैं, जैसे कि आपका बैंक, कोई कंपनी या सरकारी एजेंसी, जो आपको नकली लिंक पर क्लिक करने या संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए कहती है।

फिशिंग हमले विभिन्न तरीकों से हो सकते हैं। SMS / मैसेजिंग ऐप्स के जरिए किए गए हमलों को स्मिशिंग हमला कहा जाता है, जबकि जो हमले फोन कॉल्स के जरिए किए जाते हैं उन्हें विशिंग (वॉइस-फिशिंग) हमला कहा जाता है।

उदाहरण:

आपको एक ईमेल मिलता है जो कहता है:

"आपका बैंक खाता बंद कर दिया गया है। अपनी पहचान सत्यापित करने और अपना खाता अनलॉक करने के लिए यहां क्लिक करें।

यह लिंक आपको एक नकली वेबसाइट पर ले जाता है, जो आपके बैंक की साइट की तरह दिखती है। लेकिन जब आप इस पर अपना विवरण दर्ज करते हैं, तो यह विवरण सीधे स्कैमर्स तक पहुंच जाता है।

फिशिंग ईमेल का एक और उदाहरण यह है कि स्कैमर किसी व्यक्ति की कंपनी में उसका सहकर्मी होने का दिखावा करता है और एक ईमेल भेजता है जिसमें पैसे की मांग की जाती है। ऐसे मामलों में, कृपया बिल्कुल भी पैसा न भेजें और सहकर्मी की पहचान सत्यापित करने के लिए उसे (चाहे वह आपका बॉस ही क्यों न हो) कॉल करें। एक और महत्वपूर्ण टिप यह है कि उसका ईमेल सत्यापित किया जाए। आमतौर पर, यह ईमेल आपकी कंपनी के नाम पर नहीं होती है या यह आपके सहकर्मी के आधिकारिक ईमेल से मेल नहीं खाती होगी।

मालवेयर

मालवेयर हानिकारक सॉफ़्टवेयर है जो आपकी अनुमति के बिना आपके कंप्यूटर, फोन या अन्य उपकरणों को नुकसान पहुँचाने, चोरी करने या नियंत्रण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसे नकली ऐप्स, ईमेल अटैचमेंट (ईमेल के साथ होने वाली फाइल) या वेबसाइट में छिपाया जा सकता है। यह आपकी जानकारी चोरी करने या आपके डिवाइस को धीमा करने जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है।

आर्टीफ़ीशियल इन्टेलिजेंस

आर्टीफ़ीशियल इन्टेलिजेंस एक ऐसी तकनीक है जो डेटा का विश्लेषण कर सकती है, मानव व्यवहार की नकल कर सकती है और वास्तविक सामग्री बना सकती है, जैसे मैसेज या आवाजें। स्कैमर्स आर्टीफ़ीशियल इन्टेलिजन्स का उपयोग अपनी चालों को और अधिक विश्वासनीय बनाने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि नकली मैसेज बनाना जो वास्तविक लगते हैं, किसी की आवाज की नकल करना, या लोगों को पैसे या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए धोखा देने के लिए व्यक्तिगत ईमेल भेजना। आर्टफिशल इन्टेलिजन्स स्कैमर्स को पीड़ितको अधिक प्रभावी तरीके से लक्षित करने में मदद करता है और उनके स्कैम्स को पहचानना अधिक कठिन बना देता है।

स्पैम

स्पैम अवांछित या जंक संचार है। यह आमतौर पर फोन कॉल, ईमेल, टेक्स्ट, सोशल मीडिया के माध्यम से भेजा जाता है। इसका अक्सर चीजों का विज्ञापन करने के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन कभी-कभी इसका उपयोग आपकी जानकारी या पैसे चुराने के लिए भी किया जा सकता है।

उदाहरण:

"बधाई हो! आपने $1,000 का उपहार कार्ड जीता है! अपना पुरस्कार क्लेम करने के लिए यहाँ क्लिक करें।"

यह ईमेल आमतौर पर नकली होता है, और लिंक पर क्लिक करने से आपके साथ स्कैम हो सकता है या यह आपके डिवाइस को हानिकारक सॉफ़्टवेयर के साथ संक्रमित कर सकता है।

स्पैम अधिक प्रचलित होता जा रहा है और यह ऐसे संचार से मिलता-जुलता हो सकता है जो आपके व्यवसाय, पेशे या वोकेशन के लिए प्रासंगिक हो सकता है।

निम्नलिखित आपके पेशे के अनुरूप प्रचलित स्पैम का एक उदाहरण हो सकता है:

यह ईमेल पेशेवर और आपके काम के लिए प्रासंगिक नज़र आता है, लेकिन यह लिंक किसी फ़िशिंग साइट पर ले जा सकती है और अटैचमेंट में मालवेयर हो सकता है। इस तरह का स्पैम संदेश वैध और व्यक्तिगत लगता है, लेकिन इसे पेशेवरों को गुमराह करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।

सामान्य फ्रॉड और स्कैम

स्कैम # 1 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कैम

यह क्या होता है?

एआई वॉयस स्कैम में स्कैमर आपको गुमराह करने के लिए आपके किसी परिचित, जैसे कि परिवार के कोई सदस्य या बॉस की आवाज़ को कॉपी करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हैं। वे आपको कॉल कर के पैसे मांग सकते हैं, या किसी आपातकालीन स्थिति में होने का नाटक कर सकते हैं, या जानकारी चुराने के लिए नकली निर्देश दे सकते हैं। चूंकि आवाज़ बहुत वास्तविक लगती है, इसलिए वह आपको गुमराह कर सकते हैं और उन्हें पहचानना मुश्किल हो सकता है।

यह कैसे काम करता है?

स्कैमर सोशल मीडिया, वीडियो या वॉयसमेल से लोगों की आवाज़ की रिकॉर्डिंग ढूंढते हैं। फिर वे एआइ टूल का उपयोग करके उस व्यक्ति की आवाज़ की नकल करते हैं ताकि वह असली और प्राकृतिक लगे।

स्कैमर नकली आवाज़ का उपयोग करके आपको कॉल करते हैं और कोई ऐसा व्यक्ति होने का दिखावा करते हैं जिसे आप एक दोस्त, परिवार के सदस्य या बॉस की तरह जानते हैं। वे तनाव पैदा करते हैं और ऐसा दिखाते हैं जैसे वे किसी आपात स्थिति में हैं और पैसे, उपहार कार्ड या संवेदनशील जानकारी की माँग करते हैं।

यदि आप उनके झांसे में आते हैं तो वे इसका उपयोग आपके पैसे या व्यक्तिगत जानकारी चुराने के लिए करते हैं।

- **तात्कालिकता से सावधान रहें:** स्कैमर अक्सर आपके ऊपर जल्दी करने का दबाव डालते हैं। कुछ भी करने से पहले कुछ समय के लिए सोचें और उनकी बात को सत्यापित करें।
- **कॉल करने वाले को सत्यापित करें:** यदि कोई पैसे या संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी मांगता है, तो उनकी पहचान सत्यापित करने के लिए उनके नंबर पर कॉल-बैक करें।
- **व्यक्तिगत प्रश्न पूछें:** कुछ सवाल केवल असली व्यक्ति को पता होंगे, जो स्कैमर को पकड़ने में आपकी मदद करेगा।
- **कोई सुरक्षित शब्द या कोड बनाएँ:** आपात स्थितियों के लिए, परिवार या कार्यस्थल पर एक "सुरक्षित शब्द" सेट करें, जिसके बारे में केवल विश्वसनीय लोगों को पता होगा।

स्कैम # 2 डेटिंग एप स्कैम

यह क्या होता है?

यह स्कैम तब होता है जब किसी डेटिंग ऐप पर किसी व्यक्ति का मैच होता है और उसे एक रेस्तरां या कैफे में मिलने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो स्कैम का एक हिस्सा होता है। यह स्कैमर महंगी चीज़ें ऑर्डर करता है, कभी-कभी ऐसी चीज़ें भी ऑर्डर करता है, जो मेनू पर भी नहीं होती हैं, फिर वहाँ से निकलने का बहाना बनाता है। वह पीड़ित को एक बड़े बिल के साथ छोड़ जाता है। फिर रेस्तरां का स्टाफ़ या बाउंसर उसे भुगतान करने के लिए मजबूर करते हैं।

यह कैसे काम करता है?

डेट प्लान करना: स्कैमर डेट प्लान करता है और पीड़ित को किसी विशेष कैफे में मिलने के लिए कहता है। कभी-कभी स्कैमर किसी इलाके का प्रस्ताव दे सकता है और पीड़ित से मेट्रो स्टेशन पर मिलने के लिए कह सकता है। वह कहेगा कि वे पास के किसी कैफे में चलेंगे।

कैफे में: अंदर जाते ही, स्कैमर भोजन या ड्रिंक ऑर्डर करेगा, कभी-कभी ऐसी चीज भी जो मेनू पर नहीं होंगी। वो एक आपातकालीन स्थिति का बहाना बना कर वहाँ से निकल सकता है।

एक बड़ा बिल: बिल उम्मीद से बहुत अधिक होता है - अक्सर सामान्य से कई गुना ज़्यादा कीमत होती है। अगर पीड़ित मना करता है, तो कैफे का स्टाफ या बाउंसर उसे धमकी देते हैं, जिससे उसे भुगतान करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

स्कैम का ऑपरेशन: इस स्कैम में एक समूह शामिल होता है। इसमें कैफे का मालिक, स्टाफ जिसमें मैनेजर्स या बाउंसर भी शामिल होते हैं, और वह व्यक्ति शामिल होता है जो डेटिंग ऐप पर पीड़ित से मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति को उस बिल में से एक हिस्सा मिलता है।

अधिकांश पीड़ित इस स्कैम की रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि उन्हें बेइज़्ज़ती का डर होता है या वे अपने परिवार को यह बताने से डरते हैं कि वे एक डेटिंग ऐप का उपयोग कर रहे थे।

अगर यह आपके साथ होता है, तो कृपया इसे अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करें या www.cybercrime.gov.in पर जाएँ।

- **मीटिंग स्थल को लेकर सतर्क रहें:** जब तक आप क्षेत्र से परिचित न हों, तब तक दूसरे व्यक्ति द्वारा चुने गए स्थानों पर मीटिंग से बचें।
- **दूसरे व्यक्ति द्वारा सुझाए गए कैफे पर शोध करें:** कैफे को ऑनलाइन देखें और रीव्यू की जांच करके पता लगाएँ कि क्या यह एक वैध स्थान है। कई स्रोतों से रीव्यू क्रॉस-वेरिफ़ाई करें। कभी-कभी स्कैमर्स उसे वैध बनाने के लिए किसी जगह पर नकली रीव्यू भी डालते हैं।
- **अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें:** यदि कुछ अजीब महसूस होता है - जैसे कि व्यक्ति किसी स्थान को लेकर अत्यधिक आग्रह करता है या आपके रेस्तरां में बैठने के बात अचानक से शांत और दूर हो जाता है - तो सावधान रहें।
- **संदिग्ध व्यवहार की रिपोर्ट करें:** अगर आपको फाउल प्ले का संदेह है, तो दूसरों को स्कैम से बचाने के लिए पुलिस या डेटिंग ऐप को सूचित करें।

स्कैम # 3 डिजिटल अरेस्ट

यह क्या होता है?

डिजिटल अरेस्ट स्कैम में स्कैमर पुलिस, सरकारी अधिकारी जैसे सीमा शुल्क अधिकारी के ऑनलाइन या फोन पर होने का दिखावा करते हैं। वे दावा करते हैं कि आप कानूनी परेशानी में हैं और "गिरफ्तारी से बचने" के लिए तुरंत पैसे देने की मांग करते हैं। वे अक्सर पीड़ित से तुरंत भुगतान हासिल करने के लिए डर और तात्कालिकता का उपयोग करते हैं।

यह कैसे काम करता है?

नकली कॉल या मैसेज: आपको कॉल, ईमेल या संदेश प्राप्त होता है जिसमें यह दावा किया जाता है कि आपने कानून तोड़ा है और आपको जुर्माना भरना होगा या गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उदाहरण के लिए, एक पीड़ित को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल प्राप्त हुई, जिसमें यह कहा गया कि एक पार्सल की निर्धारित डिलीवरी रद्द कर दी गई है।

धमकी और दबाव: स्कैमर कहता है कि यदि आप तुरंत भुगतान नहीं करते हैं, तो आपको जेल जैसे गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। उपरोक्त उदाहरण में, कॉलर ने पीड़ित से कहा कि वे सपोर्ट हासिल करने के लिए "0" दबाए। ऐसा करते ही, ग्राहक सहायता प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत होने वाला कोई व्यक्ति कॉल पर आया और दावा किया कि उनके नाम से जुड़े एक पैकेज में अवैध पदार्थ थे और चीन भेजा गया था। प्रतिनिधि ने आगे दावा किया कि उसके खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। फिर नकली पुलिस अधिकारी और जांचकर्ता वीडियो कॉल में शामिल हो गए।

स्कैमर्स आपको यह समझाने के लिए तमाम कोशिशें करेंगे कि वे असली पुलिस हैं। वे आपको नकली लेटरहेड और आईडी कार्ड दिखाएंगे। यहां तक कि वे नकली पुलिस स्टेशन भी बनाते हैं और वीडियो कॉल करते समय पुलिस की तरह कपड़े पहनते हैं।

अलगाव और तात्कालिकता: स्कैमर्स कोशिश करेंगे कि वे आपको खुद को अलग-थलग करने के लिए मना लें। वे आपको एक दूरस्थ स्थान की यात्रा करने या अपने आप को एक कमरे में लॉक करने और पदचिह्न हटाने के लिए कहेंगे। वे आपको अन्य कॉल लेने से बचने के लिए भी कहेंगे।

निरंतर भुगतान की माँग: वे आमतौर पर कई खातों में लगातार पैसे की मांग करते हैं, ताकि पैसा ट्रेस न किया जा सके।



उदाहरण:

आपको एक कॉल आएगी जिसमें कहा जाएगा: **"साइबर क्राइम यूनिट से अधिकारी एक्स बात कर रहा है। हमने आपके खाते से जुड़ी अवैध गतिविधियों का पता लगाया है। आपको गिरफ्तारी से बचने के लिए अभी ₹10,000 का भुगतान करना होगा। इसका पालन करने में विफल रहने पर आपको गिरफ्तार किया जाएगा।"**

- **शांत रहें:** पुलिस भारत में फोन कॉल या वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं कर सकती है। भले ही स्कैमर आपके पते, नाम आदि के बारे में व्यक्तिगत विवरण जानने का दावा करता है, फिर भी कॉल को तुरंत डिस्कनेक्ट कर दें और संवाद को बंद कर दें।

- **उसका दावा सत्यापित करें:** अपने आधिकारिक फोन नंबर या वेबसाइट का उपयोग करके सीधे संबंधित संगठन से संपर्क करें, चाहे वह पुलिस हो या अन्य सरकारी अधिकारी अथवा संगठन जिनके ग्राहक सेवा प्रतिनिधि ने आपको कॉल किया हो।

- **अलगाव को मना करें:** कभी भी खुद को अलग न होने दें, चाहे वो कितनी भी कोशिश करे। दोस्तों या परिवार की कॉल उठाएँ। कॉल काटें और किसी ऐसे व्यक्ति से बात करें जिस पर आप बेहद भरोसा करते हैं।

- **भुगतान न करें:** वास्तविक कानूनी अधिकारी कभी फोन पर पैसे नहीं मांगेंगे। ऐसी सभी मांगों को अस्वीकार करें।

- **अजीब चीज़ें तलाशें:** अंतरराष्ट्रीय या घरेलू नंबरों से कॉल जिनसे आप परिचित नहीं हैं। अपने नाम, बैंक खाते या आईडी जैसे व्यक्तिगत विवरणों को "सत्यापित" करने के लिए कहना।

- **सावधान रहें:** अज्ञात या संदेहास्पद नंबरों से फोन कॉल का जवाब देते समय सतर्क रहें, जैसे कि विदेशों से आने वाली कॉल्स।

स्कैम # 4 नकली निवेश/ट्रेडिंग ऐप स्कैम

यह क्या होता है?

नकली ट्रेडिंग ऐप स्कैम में निवेशकों को ठगने के लिए डिज़ाइन किए गए फ्रॉड ट्रेडिंग ऐप्लिकेशन का निर्माण और प्रचार शामिल है। ये एप्स अक्सर उच्च रिटर्न और कम जोखिम का वादा करते हैं। यह आपको अपने पैसे निवेश करने के लिए लुभाते हैं। हालाँकि, जब आप इन नकली ऐप में पैसा जमा करते हैं, तो आप कई तरह के ठगी भरे अभ्यासों का सामना कर सकते हैं।

यह कैसे काम करता है?

नकली निवेश ऐप्स के लिए विज्ञापन और प्रचार: स्कैमर भ्रामक विज्ञापनों का उपयोग करते हैं ताकि पीड़ितों को असामान्य रूप से उच्च वित्तीय लाभ का वादा करके आकर्षित किया जा सके। अक्सर, पीड़ितों को व्हाट्सएप ग्रुप्स में भी जोड़ा जाता है, जिनके नाम वैध लगते हैं जैसे "ICICI IR टीम", जिससे पीड़ित को यह लगता है कि वे लाइसेंस प्राप्त वित्तीय संस्थाओं से जुड़े हैं। स्कैमर इन ग्रुप्स का उपयोग आमतौर पर सफलता की फ़र्जी कहानियाँ साझा करने के लिए करते हैं, ताकि पीड़ित का विश्वास जीता जा सके।

नकली ऐप्स डाउनलोड करने और निवेश करने के निर्देश: पीड़ित को फर्जी ऐप्स डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है जो वास्तविक निवेश अवसरों की पेशकश करने का दावा करते हैं। ये ऐप्स, जैसे 'IC ORGAN MAX' और 'Techstars.shop', प्रसिद्ध स्टॉक्स और वित्तीय उपकरणों के नाम दिखाते हैं, ताकि उपयोगकर्ताओं को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वे वैध हैं।
ऐप को वास्तविक दिखाने के लिए डिज़ाइन किया जाता है, जिसमें नकली चार्ट्स, खाते का बैलेंस और मुनाफे के बैंक स्टेटमेंट होते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आपकी निवेश राशि बढ़ रही है।

उच्च मुनाफे का झूठा प्रदर्शन: जब पीड़ित नकली ऐप्स इंस्टॉल करते हैं और अपना पैसा निवेश करते हैं, तो वे पहले अपने डैशबोर्ड पर अच्छा मुनाफ़ा देखकर उत्साहित होते हैं, जो उन्हें अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित करता है। हालांकि, ये मुनाफे नकली आंकड़े होते हैं। जब पीड़ित अपना पैसा निकालने की कोशिश करते हैं, तो उनसे अतिरिक्त शुल्क जैसे वैधानिक कर या ब्रोकर फीस अदा करने के लिए कहा जाता है, ताकि स्कैमर उनसे और भी पैसे निकाल सकें।

भ्रामक अभ्यास

लॉक किए गए फंड्स: आप अपना पैसा नहीं निकाल पाते हैं।

फीस की मांग: ऐप आपको अपनी राशि ऐक्सेस करने से पहले अतिरिक्त "फीस" या "कर" का भुगतान करने के लिए कहता है।

गायब होना: स्कैमर्स ऐप को पूरी तरह से बंद कर के आपका पैसा लेकर गायब हो सकते हैं।

फ़र्जी कस्टमर सपोर्ट: मदद के लिए संपर्क करने पर आपको फ़र्जी कस्टमर सपोर्ट मिल सकता है, जो आप पर अधिक धन जमा करने के लिए दबाव डालता है या आपको टाल देता है।

गायब होने वाले स्कैमर्स: जब स्कैम का खुलासा हो जाता है, तो ऐप हटा दिया जाता है और स्कैमर्स गायब हो जाते हैं, जिससे पीड़ित के पास अपना पैसा वापस प्राप्त करने का कोई रास्ता नहीं बचता।

- अवांछित/अप्रत्याशित मैसेजों से सावधान रहें, जिन से आपकी ऑनलाइन निवेश के माध्यम से त्वरित धन की पेशकश करने को लेकर कोई बात नहीं हुई है।
- अवास्तविक रिटर्न का वादा करने वाले निवेश अवसरों से बचें।
- आधिकारिक वेबसाइटों या ऐप्स के माध्यम से निवेश प्लेटफार्म की वैधता को सत्यापित करें। उदाहरण के लिए, यदि वे कहते हैं कि वे किसी ख़ास बैंक से संबद्ध हैं, जैसे कि ICICI, तो ICICI के ग्राहक सहायता को कॉल करें या आधिकारिक वेबसाइट पर जाँचें कि यह सच है।
- विशेष रूप से मैसेजिंग ऐप पर, लॉगिन क्रेडेंशियल्स, व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी को अजनबियों के साथ साझा न करें।
- अपरिचित संपर्क के अनुरोध पर अज्ञात ऐप या फ़ाइलों को डाउनलोड करने से बचें।

स्कैम # 5 नकली नौकरी प्रस्ताव स्कैम

यह क्या होता है?

नकली नौकरी का प्रस्ताव स्कैम तब होता है, जब स्कैमर आपको नौकरी देने का दिखावा करते हैं ताकि वे आपसे पैसा या व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर सकें। ये स्कैमर अक्सर नौकरियों की खोज करने वाले लोगों को लक्षित करते हैं, उच्च वेतन, आसान काम या लाभ का वादा करके उन्हें फ़ुसलाते हैं।

यह कैसे काम करता है?

आकर्षक नौकरी पोस्ट: यह स्कैमर वेबसाइट, सोशल मीडिया पर या ईमेल/मैसेज के जरिए नकली नौकरी के विज्ञापन बनाते हैं। कभी-कभी, स्कैमर खुद को कंसल्टेंसी के रूप में पेश करते हैं, जो आपको एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी की गारंटी देते हैं।

तेज चयन प्रक्रिया: वे बताते हैं कि आप नौकरी के लिए "चयनित" हो गए हैं। वे अक्सर बिना साक्षात्कार या स्क्रीनिंग के आपका चयन कर लेते हैं।

भुगतान या व्यक्तिगत जानकारी की मांग: आपसे प्रशिक्षण, पंजीकरण, काम के सामग्री या वीजा प्रोसेसिंग (यदि यह अंतरराष्ट्रीय नौकरी है) के लिए फीस देने को कहा जाता है।

नकली दस्तावेज़ या लिंक: वे नकली ऑफर लेटर, अनुबंध भेज सकते हैं या आपको फर्जी वेबसाइटों पर ले जाकर वैध दिखाने की कोशिश कर सकते हैं।

गायब होना: जब वे पैसे या आपकी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा कर लेते हैं, तो स्कैमर गायब हो जाते हैं और नौकरी भी नहीं मिलती है।

नकली नौकरी स्कैम के उदाहरण

नकली नौकरी वाले स्कैम कई प्रकार के होते हैं

- **वर्क फ्रॉम होम नौकरी स्कैम**
- **नौकरी प्लेसमेंट सेवा स्कैम**
- **नैनी, केयरगिवर, और वर्चुअल पर्सनल असिस्टेंट नौकरी स्कैम्स**

वर्क फ्रॉम होम नौकरी स्कैम

स्कैमर ऐसे काम ऑफर करते हैं, जहाँ आप बिना ज्यादा समय और मेहनत के घर से काम करके महीनों में लाखों रुपये कमा सकते हैं।

वर्क फ्रॉम होम नौकरी के सामान्य स्कैम में री-शिपिंग स्कैम्स और मर्चेंडाइज री-सैलिंग स्कैम्स शामिल हैं।

री-शिपिंग स्कैम:
स्कैमर नकली नौकरियों जैसे गुणवत्ता नियंत्रण प्रबंधक या वर्चुअल असिस्टेंट का विज्ञापन डालते हैं। "हायर" करने के बाद, आपका काम महंगे सामानों को प्राप्त करना, फिर से पैक करना और भेजना होता है, जो अक्सर चुराए गए क्रेडिट कार्ड से खरीदे जाते हैं। वेतन कभी नहीं मिलता और कंपनी भी गायब हो जाती है, जिससे आप अपराध में शामिल हो जाते हैं। अगर आपने "भुगतान" के लिए व्यक्तिगत विवरण दिए हैं, तो आपकी पहचान की चोरी भी हो सकती है।

मर्चेंडाइज री-सैलिंग स्कैम्स:
स्कैमर्स एक नौकरी का वादा करते हैं जिसमें आप लग्जरी प्रोडक्ट्स को मुनाफे में रीसैल करते हैं। जब आप सामानों के लिए भुगतान करते हैं, तो पैकेज कभी नहीं आता या उसमें बेकार सामान होता है।

नैनी, केयरगिवर, और वर्चुअल पर्सनल असिस्टेंट नौकरी स्कैम्स

स्कैमर नौकरी साइट्स पर नैनी, केयरगिवर, और वर्चुअल असिस्टेंट के लिए नकली नौकरी के विज्ञापन पोस्ट करते हैं। या वे आपको ऐसे ईमेल भेज सकते हैं जो इस तरह दिखते हैं जैसे वे आपकी कम्यूनिटी से किसी व्यक्ति द्वारा भेजे गए हों। यह मैसेज आपके कॉलेज या विश्वविद्यालय जैसे किसी संगठन से भी आ सकता है जिसे आप जानते हैं।

यदि आप आवेदन करते हैं, तो आपको नियुक्त करने वाला व्यक्ति आपको एक चेक भेज सकता है। वे आपको कहेंगे कि आप चेक जमा करें, अपनी सेवाओं के लिए पैसा रखें और बाकी को किसी और को भेज दें।

यह एक स्कैम है। एक वैध नियोक्ता कभी भी आपसे ऐसा नहीं कहेगा। चेक नकली है और वह बाउंस हो जाएगा और बैंक आपसे नकली चेक की पूरी राशि वापस लेने को कहेगा, जबकि स्कैमर आपके द्वारा भेजी गई असली राशि को रख लेगा।

नौकरी प्लेसमेंट सेवा स्कैम

स्कैमर एक ऐसी कंसल्टेंसी के रूप में आपसे संपर्क करेंगे जो आपको एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में मदद कर सकती है। वे आपको साक्षात्कार के लिए बुलाएंगे। जब आप वहां पहुंचेंगे, तो प्रवेश द्वार पर कुछ मोटे-तगड़े आदमी खड़े मिल सकते हैं। स्कैमर कंसल्टेंट के रूप में पेश आएंगे और आपकी योग्यताओं के बारे में कुछ सामान्य सवाल पूछेंगे। वे आपको पहले बड़े मल्टी-नेशनल कंपनियों में रखे गए लोगों की नकली तस्वीरें भी दिखा सकते हैं। इसके बाद, वे आपसे पैसे की मांग करेंगे और मोटे-तगड़े आदमी आपको भुगतान करने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

- कोई भी संगठन/कंपनी कभी भी उनके साथ काम करने के लिए आपसे पैसे नहीं मांगती।
- स्पैम/जंक ईमेल्स या मैसेजों से भेजे गए नौकरी के प्रस्तावों को अनदेखा करें।
- यदि आपको ऐसा प्रस्ताव मिलता है जिसमें चेक जमा करने और फिर कुछ पैसे किसी कारण से उपयोग करने को कहा जाए, तो यह एक स्कैम है। इससे दूर रहें।
- प्लेसमेंट फर्म उम्मीदवारों से फीस नहीं मांगतीं। कंपनियां उन्हें नौकरी के लायक उम्मीदवार खोजने के लिए फीस देती हैं। अगर कोई प्लेसमेंट फर्म आप से फीस मांगती है — खासकर अग्रिम भुगतान करने के लिए — तो इससे दूर रहें। आप शायद स्कैम का सामना कर रहे हैं।
- यदि कोई आपको नौकरी का प्रस्ताव देता है और कहता है कि आप कम समय में कम मेहनत के साथ बहुत पैसा कमा सकते हैं, तो यह लगभग निश्चित रूप से एक स्कैम है।
- कंपनी की वेबसाइट, समीक्षाएँ और आधिकारिक संपर्क विवरण जांचें।
- उन कंपनियों के प्रस्तावों से बचें जिनकी ऑनलाइन उपस्थिति नहीं है या जिनके विवरण संदिग्ध हैं।
- संवेदनशील जानकारी जैसे आपका बैंक खाता, आधार या पैन कंपनी को सत्यापित किए बिना साझा न करें।

स्कैम # 6 नकली लिंक / QR कोड स्कैम

यह क्या होता है?

नकली लिंक / QR कोड स्कैम आपको एक हानिकारक लिंक पर क्लिक करने या फर्जी QR कोड को स्कैन करने के लिए कहते हैं। ये स्कैम व्यक्तिगत जानकारी, भुगतान विवरण चुराने या आपके डिवाइस पर हानिकारक सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करने के लिए डिज़ाइन किए गए होते हैं।

यह कैसे काम करता है?

नकली लिंक: स्कैमर ईमेल, मैसेज या सोशल मीडिया के माध्यम से लिंक भेजते हैं, जिसमें वे कुछ आकर्षक ऑफर (जैसे छूट, पुरस्कार, या तात्कालिक अपडेट्स) का दावा करते हैं। लिंक पर क्लिक करने से आपको एक नकली वेबसाइट पर ले जाया जाता है, जो वैध दिखती है लेकिन आपकी जानकारी चुराने के लिए डिज़ाइन की गई होती है।

फर्जी QR कोड: स्कैमर ऐसे QR कोड बनाते हैं जो फिशिंग वेबसाइट्स पर ले जाते हैं या हानिकारक क्रियाएँ शुरू करते हैं (जैसे मालवेयर इंस्टॉल करना)। ये कोड डिजिटल रूप से भेजे जा सकते हैं या भौतिक पोस्टर या विज्ञापनों पर लगाए जा सकते हैं।

कभी-कभी, स्कैमर्स एक वैध विज्ञापन लेते हैं और QR कोड को नकली कोड से बदल देते हैं, ताकि लोग यह सोचें कि वे वैध हैं।

नकली लिंक / QR कोड स्कैम के उदाहरण

- एक टेक्स्ट मैसेज आता है जिसमें कहा जाता है कि आपकी पैकेज डिलीवरी में देरी हो गई है; लिंक आपको भुगतान विवरण मांगने वाली साइट पर भेजता है।
- स्कैमर नकली वेबसाइट के लिंक भेजते हैं, जो वैध संस्थाओं जैसे बैंकों की साइट्स की नकल करती हैं और आपसे अपनी KYC विवरण अपडेट करने के लिए कहती हैं।
- स्कैमर्स नकली भुगतान लिंक या QR कोड भी प्रसारित कर सकते हैं, ताकि वे आपको अपने क्रेडिट कार्ड विवरण या UPI पिन भरने के लिए कह सकें।
- एक पोस्टर पर एक QR कोड छूट का प्रस्ताव देता है, लेकिन यह एक फिशिंग साइट पर ले जाता है।

- यदि आप किसी अप्रत्याशित स्थान पर QR कोड देखते हैं, तो उसे खोलने से पहले URL की जांच करें। यदि यह URL आप पहचानते हैं, तो सुनिश्चित करें कि कहीं वे नकली तो नहीं है — गलत वर्तनी या बदला हुआ अक्षर देखें।
- कभी भी उस ईमेल या टेक्स्ट मैसेज में दिए गए QR कोड को स्कैन न करें, जिसे आपके पास नहीं आना था। यदि वह आपसे तुरंत क्रिया करने के लिए कह रहा हो तो अवश्यक रूप से ध्यान दें। अगर आपको लगता है मैसेज वैध है, तो कंपनी से संपर्क करने के लिए उस फोन नंबर या वेबसाइट का उपयोग करें, जो वाकई में असली है और आपने सत्यापित की है।
- अनजान स्रोतों से भुगतान लिंक पर क्लिक न करें।
- QR कोड पर भुगतान करते समय हमेशा इच्छित प्राप्तकर्ता का नाम सत्यापित करें।
- जब आपको KYC के लिए पूछा जाए, तो KYC का उद्देश्य और जानकारी मांगने वाले व्यक्ति की पहचान सत्यापित करें।

स्कैम # 7 नकली लोन ऐप स्कैम

यह क्या होता है?

एक नकली लोन ऐप स्कैम में स्कैमर्स फर्जी ऐप्स बनाते हैं जो कम दस्तावेज़ीकरण के साथ त्वरित और आसान लोन का वादा करते हैं। ये ऐप्स अक्सर उन व्यक्तियों को लक्षित करते हैं जिन्हें पैसों की तत्काल आवश्यकता होती है, और उन्हें शुल्क भुगतान करने या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इन ऐप्स में अक्सर छिपे हुए शुल्क और बहुत उच्च ब्याज दरें होती हैं।

यह कैसे काम करता है?

आकर्षक ऑफर: ऐप बिना क्रेडिट चेक, तुरंत अप्रूवल या बहुत कम ब्याज दरों के साथ लोन का विज्ञापन करता है, ताकि आपको उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए आकर्षित किया जा सके। स्कैमर्स अक्सर प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थानों जैसे बैंकों के समान नाम चुनते हैं ताकि वे आपको यह सोचने पर मजबूर करें कि वे वैध हैं।

अग्रिम शुल्क: जब आप आवेदन करते हैं, तो ऐप लोन जारी करने से पहले प्रोसेसिंग शुल्क, सेवा शुल्क या अन्य भुगतान की मांग करता है।

डेटा चोरी और मालवेयर हमले: ऐप आपकी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी जैसे आपके बैंक खाता नंबर, आईडी प्रमाण, और फोन संपर्क एकत्र करता है। कभी-कभी इन ऐप्स में मालवेयर इंस्टॉल होता है जो डाउनलोड करने के बाद आपके फोन में लोड हो जाता है।

हिंसक व्यवहार: यदि आप भुगतान करने में असफल रहते हैं, तो स्कैमर चुराई गई जानकारी का उपयोग करके आपको, आपके परिवार को या आपके संपर्कों को धमकियां देकर या उनका सार्वजनिक रूप से अपमान करके परेशान करेंगे। उदाहरण के तौर पर, वे वीडियो-KYC करने का बहाना बनाकर आपकी तस्वीरें ऐक्सेस कर सकते हैं और उसके आधार पर आपको ब्लैकमेल कर सकते हैं।

लोन जारी नहीं किया गया: अक्सर, शुल्क चुकाने के बाद भी कोई लोन नहीं दिया जाता और ऐप गायब हो जाता है या जवाब देना बंद कर देता है।



- **स्रोत की पुष्टि करें:** लोन ऐप्स कभी भी लोन खुद नहीं जारी करते; इसके बजाय, वे RBI-नियंत्रित बैंकों या नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के साथ साझेदारी करते हैं।

  जांचें कि क्या वे लोन ऐप जो ऐसी साझेदारी का दावा कर रहे हैं, वास्तव में बैंक और NBFCs के साथ साझेदारी में हैं। यदि आपको वेबसाइट पर कुछ नहीं मिलता, तो बैंक/NBFC के ग्राहक सेवा नंबर पर कॉल करके आगे की पुष्टि करें।

- **अनुमतियों के साथ सतर्क रहें:** ऐसे ऐप्स से बचें जो संपर्क, तस्वीरों या मैसेजों तक अनावश्यक ऐक्सेस की मांग करते हैं।

- **विश्वसनीय स्रोतों का उपयोग करें:** ऐप की वैधता और समीक्षाओं की पुष्टि करें। इसका उपयोग करने से पहले विभिन्न स्रोतों से समीक्षाओं की जांच करें। जैसा कि पहले कहा गया था, स्कैमर अक्सर अपनी वैधता का दिखावा करने के लिए नकली समीक्षाएं डालते हैं।

- **अग्रिम शुल्क:** वैध उधारदाता आम तौर पर अग्रिम शुल्क नहीं मांगते। ऐसे उधारदाताओं से बचें जो लोन जारी करने से पहले भुगतान की मांग करते हैं।

- **रेड फ़्लैग:** तुरंत लोन देने वाले ऑफर्स से सतर्क रहें, विशेष रूप से यदि वे बिना क्रेडिट चेक के गारंटीकृत स्वीकृति का वादा करते हैं।

- **ब्याज दरें:** ब्याज दरों और शर्तों की सावधानी से जांच करें। यदि वे बहुत अच्छी लग रही हैं, तो वे शायद सच नहीं हैं।

- **संपर्क जानकारी:** उधारदाता के संपर्क विवरण और भौतिक पते की पुष्टि करें। स्कैमर अक्सर नकली जानकारी का उपयोग करते हैं।

- **अगर फ़्रॉड का संशय है, तो रिपोर्ट करें:** यदि आप संभावित साइबर लोन शार्क का सामना करते हैं या आपको लगता है कि आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट करें।

स्कैम # 8 नकली मोबाइल रिचार्ज स्कैम

यह क्या होता है?

नकली मोबाइल रिचार्ज स्कैम आपको फोन रिचार्ज या ऑफ़र्स के लिए पैसे देने के लिए कहता है जो असली नहीं होते। स्कैमर्स नकली वेबसाइट्स, ऐप्स, या मैसेजों का इस्तेमाल करते हैं जो डिस्काउंट, कैशबैक, या मुफ्त रिचार्ज देने का दावा करते हैं।

यह कैसे काम करता है?

नकली ऑफ़र्स: स्कैमर्स मैसेज, सोशल मीडिया या नकली ऐप्स के माध्यम से अवास्तविक डील्स का विज्ञापन करते हैं, जैसे कि भारी डिस्काउंट्स या "मुफ्त रिचार्ज़।" कभी-कभी स्कैमर्स ख़ुद को TRAI का अधिकारी बताते हैं, ताकि आप उन पर विश्वास करें।

रिचार्ज के लिए भुगतान: पीड़ित नकली प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से रिचार्ज के लिए भुगतान करता है, लेकिन असल में कोई रिचार्ज नहीं किया जाता।

जानकारी चुराना: नकली रिचार्ज प्लेटफॉर्म अक्सर प्रक्रिया के दौरान व्यक्तिगत जानकारी, भुगतान विवरण, या बैंक/क्रेडिट कार्ड जानकारी एकत्र करते हैं।

फिशिंग लिंक: स्कैमर्स SMS या ईमेल के माध्यम से लिंक भेजते हैं, जो आपको नकली वेबसाइट्स पर ले जाते हैं जो वास्तविक टेलीकॉम रिचार्ज सेवाओं की नकल करती हैं।

- **विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का उपयोग करें:** केवल अपने मोबाइल सेवा प्रदाता के ऐप या उस ऐप का उपयोग करें जो आपके UPI से जुड़ा हुआ हो।
- **अवास्तविक ऑफ़र्स से सावधान रहें:** ऐसी डील्स को नजरअंदाज करें जो असली से ज्यादा अच्छी लगती हैं, जैसे भारी डिस्काउंट या मुफ्त रिचार्ज।
- **वेबसाइट्स और ऐप्स की पुष्टि करें:** URL में नकली या गलत स्पेलिंग की जांच करें और केवल आधिकारिक ऐप स्टोर्स से ऐप्स डाउनलोड करें।
- **अप्रमाणित लिंक पर क्लिक न करें:** SMS, WhatsApp या ईमेल के माध्यम से भेजे गए रिचार्ज लिंक पर क्लिक करने से बचें, जो अज्ञात स्रोतों से आते हैं।
- **भुगतान विवरण सुरक्षित रखें:** कभी भी अपनी भुगतान जानकारी उन थर्ड-पार्टी प्लेटफ़ॉर्म के साथ साझा न करें जो प्रमाणित नहीं हैं।
- **संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें:** यदि आप किसी स्कैम का सामना करते हैं तो अपने टेलीकॉम प्रदाता या स्थानीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन को सूचित करें।

स्कैम # 9 पार्सल डिलीवरी स्कैम

यह क्या होता है?

पार्सल डिलीवरी स्कैम आपको यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि आपका एक पैकेज डिलीवरी का इंतजार कर रहा है। स्कैमर नकली मैसेज या ईमेल भेजते हैं, जिसमें पैकेज को जारी करने के लिए भुगतान या व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती है।

यह कैसे काम करता है?

नकली सूचनाएँ: आपको एक टेक्स्ट, ईमेल या कॉल प्राप्त होती है जिसमें दावा किया जाता है कि आपका पैकेज आ गया है, लेकिन पते की अधूरी जानकारी या बकाया भुगतान के कारण इसे डिलीवर नहीं किया जा सकता है। यह मैसेज एक विश्वसनीय कूरियर कंपनी जैसे FedEx, DHL, या इंडिया पोस्ट से आता प्रतीत हो सकता है।

फिशिंग लिंक: मैसेज में एक लिंक शामिल होता है जिसमें आपको अपना पता अपडेट करने को कहा जाता है। ऐसा अक्सर सीमित समय के भीतर, जैसे 12 घंटों में करने के लिए कहा जाता है। मैसेज में "डिलीवरी की पुष्टि करने" या शुल्क का भुगतान करने का लिंक भी हो सकता है। लिंक पर क्लिक करने से आपको एक नकली वेबसाइट पर ले जाया जाता है, जहां स्कैमर आपकी भुगतान जानकारी या व्यक्तिगत जानकारी चुराते हैं।

फॉलो-अप कॉल: आमतौर पर, SMS या ईमेल के साथ कूरियर कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में किसी व्यक्ति का फोन कॉल आता है। वह कहता है कि आपका पार्सल डिलीवर नहीं किया जा सकता क्योंकि आपका पता अधूरा है या कुछ भुगतान बकाया है और आपको लिंक पर जाकर औपचारिकता पूरी करने के लिए प्रेरित करता है।

तत्कालिता और दबाव: कॉल करने वाला पीड़ित पर दबाव डालता है और धमकी देता है कि अगर पता अपडेट नहीं किया गया या भुगतान नहीं किया गया तो ऑर्डर रद्द कर दिया जाएगा या पार्सल नष्ट कर दिया जाएगा।

भुगतान का जाल: आपको फिर से डिलीवरी के लिए एक छोटी सी फीस भुगतान करने के लिए कहा जाता है। वेबसाइट केवल डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए भुगतान स्वीकार करती है, जिसमें UPI या कैश ऑन डिलीवरी का कोई विकल्प नहीं होता।

कोई डिलीवरी नहीं: जब आप भुगतान कर देते हैं या विवरण प्रदान कर देते हैं, तो स्कैमर गायब हो जाते हैं, जिससे आपको कोई पैकेज नहीं मिलता और आपकी जानकारी चोरी हो सकती है।

- **याद करें कि क्या आपने ऑर्डर दिया है:** यह याद करने की कोशिश करें कि क्या वास्तव में आपका कोई पैकेज रास्ते में है या क्या आपने कोई ऑर्डर दिया है जो अभी तक डिलीवर नहीं हुआ है।
- **मैसेज की पुष्टि करें:** कूरियर कंपनी से सीधे उनके आधिकारिक वेबसाइट या फोन नंबर के माध्यम से संपर्क करें ताकि डिलीवरी की पुष्टि हो सके।
- **अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें:** मैसेज में आए लिंक पर क्लिक न करें, खासकर अगर वह पैकेज के बारे में हो और भेजने वाला अज्ञात हो।
- **रेड फ़्लैग देखें:** खराब व्याकरण, सामान्य अभिवादन या संदिग्ध ईमेल पतों से सावधान रहें।
- **अपनी जानकारी सुरक्षित रखें:** व्यक्तिगत या भुगतान जानकारी कभी भी न दें जब तक कि आपको स्रोत की वैधता का पूरा यकीन न हो।

स्कैम # 10 अप्रकट मालवेयर स्कैम

यह क्या होता है?

